KANPUR PLASTIPACK LTD

17th June, 2023

**BSE Limited**
Phiroze Jeejeebhoy
Towers, Dalal Street,
Mumbai 400 001
Scrip Code: **507779**

**National Stock Exchange of India Limited**
Exchange Plaza, Plot No. C/1,
G Block, Bandra – Kurla Complex, Bandra (East),
Mumbai 400 051
Trading Symbol: **KANPRPLA**

**Sub: Submission Of Newspaper Notice-**
**Notice to Shareholders for Transfer of Equity Shares to IEPF Suspense Account**

Dear Sir,

Pursuant to Regulation 30(1) of the SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirements) Regulations 2015, please find enclosed herewith copies of newspaper advertisement published under Section 124(6), 125 of the Companies Act, 2013 read with Investor Education and Protection Fund (Accounting, Audit, Transfer and Refund) Rules, 2016, as amended, about the transfer of shares whose dividend was not claimed during last 7 years to the lnvestor Education and Protection Fund. The same was published in the Business Standard all editions Hindi and English today i.e. on 17.06.2023.

Kindly take this on record and oblige.

Thanking You.

Yours Faithfully,
For **KANPUR PLASTIPACK LTD.**

Ankur Srivastava

Digitally signed by Ankur Srivastava
DN: c=IN, st=Uttar Pradesh,
2.5.4.20=cc27d3f9436efa6c804fa6e8802e5dacc2f47956a9cbf329592c256d8c8f3a5c,
postalCode=208014, street=H-3, Shree Tirupati Greens Apartements,681-682, W-1, Saket Nagar, Juhi Kalan,Saket Nagar,Juhi Colony,Juhi Colony,Kanpur Nagar,
pseudonym=baf0d04f15d2c7fc940207e74ff905a8, title=9927,
serialNumber=4b23e7cbde87752eb6b8834bca897fb9311ca9bdfa9ec226a725911e719ed408,
o=Personal, cn=Ankur Srivastava
Date: 2023.06.17 10:27:36 +05'30'

**(Ankur Srivastava)**
**Company Secretary**
**Encl:** A/a

# Patanjali eyes premium pie with 14 new products

## Group targeting ₹1 trillion turnover in next 5 years, says Ramdev



### STRETCHING FOR MORE

- **Patanjali Group reported its highest ever revenue** of ₹31,82 crore in FY23
- **Group aims for a turnover of ₹1 trillion** and a **market capitalisation of ₹5 trillion** over the next 5 yrs
- **Ramdev has plans to list** Patanjali Ayurved, Patanjali Wellness, Patanjali Lifestyle, and Patanjali Medicine in the next 5 yrs

**SHARLEEN D'SOUZA**
Mumbai, 16 June

Patanjali Foods on Friday launched 14 products as it starts pushing its premiumisation strategy.

The products belong to the segments of nutraceuticals, health biscuits, Nutrela millet-based cereals, and dry fruit.

At press conference, Baba Ramdev, who runs the group, said in a few years, two to three of the group's companies, including Patanjali Ayurved and Patanjali Wellness, would come up with their initial public offerings.

In September last year, the company had said it would list Patanjali Ayurved, Patanjali Wellness, Patanjali Lifestyle, and Patanjali Medicine in five years and aim for ₹5 trillion as the group's market capitalisation.

Baba Ramdev said it was targeting a ₹1 trillion turnover for the group in five years.

Sanjeev Asthana, chief executive officer, Patanjali Foods, said the target was to have 80 per cent of the company's profits from fast-moving consumer goods and the rest from its edible oil business.

The company is betting on expansion in the Indian sports nutrition industry and expects it to grow at a compound annual growth rate of 18 per cent to ₹8,000 crore by FY28.

The company has launched Nutrela Sports with six products such as powders, capsules for vitamins, and supplements, it said in its release.

It has launched Nutrela MaxxMillets and the company has plans to have a series of millet-based products.

It has also launched ragi biscuits and other digestive biscuits.

"The health biscuits category in India holds a 5 per cent share in the Indian biscuits market of nearly ₹45,000 crore. The company, backed by its large manufacturing and distribution infrastructure, has ambitious plans to occupy a 10 per cent share in this category by the end of this year," Patanjali Foods said in its release.

Patanjali Foods' biscuit business covers more than 1 million retail outlets, and the initial plan will be to place the new products in over 100,000 supermarkets, modern-format stores, and A-class outlets.

"The full-scale launch of these health biscuits is projected to improve the margin profile of the biscuits business," it said.

It is scaling up its branded dry fruit business to ₹1,000 crore in five years.

# TN eyes $6 bn investment, 150K jobs in EV space in 5 yrs

**SHINE JACOB**
Chennai, 16 June

The Tamil Nadu government said on Friday that it was targeting an investment of around $6 billion in the electric vehicles (EV) space and creating 150,000 job opportunities over the next five years. This comes after the state attracted nearly ₹24,000 crore in EV investments, resulting in almost 48,000 jobs, during the pandemic period.

Several new-age EV companies like Ather, Ola Electric, Ampere and Simple Energy have invested in the state.

Moreover, even traditional global automotive giants such as Hyundai, Nissan, TVS Motors, Mahindra, and Daimler have lined up their EV plans for Tamil Nadu.

In May, Hyundai Motor India (HMIL) had announced plans to invest around ₹20,000 crore in the state over a period of 10 years.

SoftBank-backed Ola Electric Mobility, too, had lined up expansion plans at Pochampalli unit in Krishnagiri district with an investment of around ₹7,614 crore for a four-wheeler EV plant and a 20 giga watt battery manufacturing unit.

"Tamil Nadu is committed to securing $6 billion in investments and creating 150,000 employment opportunities within the EV space in five years," T R B Rajaa, industries minister of Tamil Nadu, said at a round table of senior executives from more than 20 major global EV companies at a meet hosted by Guidance Tamil Nadu and the World Economic Forum



As part of this commitment, he said the government had launched the revised 'Tamil Nadu Electric Vehicles Policy 2023', which incentivises and attracts investors to strengthen the state's EV ecosystem. Six cities — Chennai, Coimbatore, Tiruchirappalli, Madurai, Salem, and Tirunelveli — have been earmarked for development as EV hubs.

"The state government has unveiled a new EV policy with various incentives and offers. Hyundai is one of the largest manufacturers and will be a committed partner to realise Tamil Nadu's vision to become an EV hub in the country. We believe that the upcoming action plans will drive quicker adoption of EVs," said Gopalakrishnan CS, chief manufacturing officer, Hyundai Motor India.

## Musashi forays into India EV mkt

Japanese auto parts manufacturer Musashi Auto on Friday announced entry into the Indian electric vehicle (EV) market with an investment of ₹70 crore. The company has partnered with Bharat New Energy Company (BNC), marking its foray into the e-mobility space. Musashi will collaborate with BNC Motors for expansion into the EV market.The company will pump in ₹70 crore in the first phase of this venture and focus on establishing an assembly line at its manufacturing facility in Bengaluru. "We have been working for over a year with our strategic partner," said Toshihisa Otsuka, chief executive officer (CEO) of Musashi Seimitsu Industries' India and Africa region. He was at BNC's product unveiling launch in Bengaluru. Musashi Auto Parts India, a wholly-owned subsidiary of Musashi Seimitsu Industries in Japan, manufactures transmission components for internal combustion engine (ICE)-powered two-and-four wheelers. From October, it will manufacture the e-Axle at its Bengaluru plant. **ANJALI SINGH**

**KANPUR PLASTIPACK LTD**

CIN: L25209UP1971PLC003444
Regd. Office-D-19-20, Panki Industrial Area, Kanpur-208 022
TEL:+91 (0512) 2691 113-6; FAX: +91(0512) 2691117;
Email: info@kanplas.com ; Web: www.kanplas.com

**NOTICE TO SHAREHOLDERS**
**TRANSFER OF EQUITY SHARES IN RESPECT OF WHICH DIVIDENDS HAVE NOT BEEN CLAIMED TO IEPF SUSPENSE ACCOUNT**

Notice is hereby given that pursuant to the provisions of Section 124(6) and 125 of the Companies Act, 2013 read with Investor Education and Protection Fund (Accounting, Audit Transfer and Refund) Rules, 2016, "IEPF Rules" the underlying shares in respect of which dividends have not been claimed for last 7 consecutive years are to be transferred to IEPF Suspense Account after the expiry of time period mentioned in this notice.

Accordingly, the Company has sent individual notices to all those shareholders whose shares are liable to be transferred to IEPF under these rules at their registered address. The Company has also uploaded the details of such shareholders on the Company's website at https://www.kanplas.com/en/shareholders-communication.

Shareholders, who have not claimed their dividend since last 7 years may refer to the above link to verify and claim their due dividend for the shares held in the aforesaid Folio by giving necessary details (i.e. Folio no./ DP – ID (if any), current address, bank details and contact numbers) at the earliest well before 05th October, 2023, to the Company.

The Company, after 05th October, 2023, would transfer these shares to IEPF Suspense Account. Upon such transfer, the original shares certificate(s) which stand registered in the name of the members shall be automatically cancelled and be deemed non-negotiable. If your shares are held in demat mode, the shares will be transferred to demat account of IEPF Suspense Account in the manner prescribed in the rules.

You are hereby informed that after transfer of the shares to the IEPF Suspense Account, no claim shall lie against the Company though you would have the right to claim the underlying shares from IEPF Suspense Account in the manner prescribed in the IEPF Rules.

In case any clarification is required, you may please contact the undersigned for further information.

For Kanpur Plastipack Limited
Sd/-
Ankur Srivastava
Company Secretary

Place: Kanpur
Date: 16.06.2023

**AKAR AUTO INDUSTRIES LIMITED**

**CIN No. L29220MH1989PLC052305**
**Regd. Office:** 304, Abhay Steel House, Carnac Bunder, Baroda Street, Mumbai 400009. (India) | **Tel:** (022)23481083, Fax: 91-22-23483887,
Corp Office: E-5, MIDC, Waluj, Aurangabad 431136 (M.S) India Tel: (0240)6647200, Fax: 91-240-2554640
Website: www.akartoolsltd.com Email: corporate@akartoolsltd.com

**POSTAL BALLOT NOTICE**

Notice is hereby given to the Members ("the Members or the Shareholders") that pursuant to the provisions of Section 110 and all other applicable provisions, if any, of the Act, read together with Rules 20 and 22 of the Companies (Management and Administration) Rules, 2014 (including any statutory modification(s) or re-enactment(s) thereof, for the time being in force) ("Rules"), Regulation 44 of the SEBI Listing Regulations, 2015 (the "SEBI Listing Regulations"), Secretarial Standard on General Meetings ("SS-2"), and such other circulars applicable in this regard issued by the Institute of Company Secretaries of India and any other applicable law, rules and regulations (including any statutory modification(s) or re-enactment(s) thereof, for the time being in force), the resolution set out is proposed to be passed as an Special Resolution by the Members of Akar Auto Industries Limited (the "Company") by means of Postal Ballot, only by way of remote e-voting ("e-voting") process.

1. The Postal Ballot notice along with e- voting instruction, has been sent by the Company only through mail on **16th June, 2023** to all those Members whose e-mail addresses are registered with the Company or with the Depository Participants or with Bigshare Services Pvt Ltd, the Register and share transfer agent of our company and to those members whose name appears in the record of National securities Depository Limited (NSDL) and Central Depository Service Limited (CDSL) as on **Friday, 09th June, 2023**, which is Cut-off date to reckon the paid up value of shares and voting rights of members.
2. The Notice shall also be available on the website of the Company at www.akartoolsltd.com, website of the stock exchanges where the equity shares of the Company are listed, i.e. BSE Limited at www.bseindia.com respectively, and on the website of Bigshare Services Private Limited at www.bigshareonline.com.
3. In Compliance with the Provision of Section 108 of the Act and Rule 20 of the Companies Management and Administration Rules, 2014 and Regulation 44 of SEBI Listing Regulation the Company has Appointed Bigshare to provide e-voting facility to the Members and has appointed Mr. Nitin S. Sharma, (Membership No. FCS: 8518; CP No.: 9761), Proprietor of M/s. Nitin S. Sharma & Associates, Practising Company Secretaries as the Scrutinizer for conducting the postal ballot process in a fair and transparent manner.
4. Postal Ballot (e-voting) commences on **Sunday, 18th June, 2023 (9.00 a.m. IST) and ends on Monday, 17th July, 2023 (5.00 p.m. IST)**. At the end of the e-voting period, the facility shall forthwith be blocked and e-voting shall not be allowed beyond the said date and time.
5. The result of the Postal Ballot along with the Scrutinizer's Report shall be displayed on the website of the Company at www.akartoolsltd.com and shall also be communicated to the Stock Exchange where the Company's shares are listed i.e. BSE Limited at www.bseindia.com, not later than two working days from the conclusion of the Postal Ballot.
6. In case shareholders/ investor have any queries regarding E-voting, you may refer the Frequently Asked Questions ('FAQs') and i-Vote e-Voting module available at https://ivote.bigshareonline.com, under download section or you can email us to ivote@bigshareonline.com or call us at: 1800 22 54 22. Alternatively, the Members may also write an e-mail to the Company at corporate@akartoolsltd.com. for any queries/ information.

**For Akar Auto Industries Limited**
**Sd/-**
**Sunil Todi**
**Managing Director**

**Place: Aurangabad**
**Date: 16 June, 2023**



# घरेलू केंद्रित क्षेत्रों से बाजार को दम

## पूंजीगत वस्तु, एफएमसीजी और वाहन क्षेत्रों में 1 दिसंबर से अच्छी तेजी दर्ज की गई है

समी मोडक
मुंबई, 16 जून



### बाजार की चाल

- निफ्टी-50 सूचकांक शुक्रवार को पिछले सर्वाधिक ऊंचे स्तर 18,813 को पार कर गया
- सूचकांक ने 134 कारोबारी सत्रों में पिछले ऊंचे स्तरों को छुआ
- जहां यह सूचकांक 1 दिसंबर से काफी मजबूत हुआ है, वहीं इसके कई शेयरों की चाल अलग अलग रही है
- निफ्टी में ज्यादा भारांक रखने वाली कंपनियों में लार्सन ऐंड टुब्रो, टाटा मोटर्स और ऐक्सिस बैंक मुख्य रूप से शामिल हैं

शेयर बाजार में हालिया तेजी को पूंजीगत वस्तु, पीएसयू बैंकों, एफएमसीजी और वाहन जैसे क्षेत्रों के शानदार प्रदर्शन से मदद मिली है। वहीं मीडिया, आईटी और हेल्थकेयर क्षेत्रों के शेयरों पर दबाव दर्ज किया गया।

1 दिसंबर से निफ्टी-50 शेयरों के प्रदर्शन से पता चलता है कि एफएमसीजी और वाहन कंपनियों के शेयरों में ज्यादा तेजी दर्ज की गई है। वहीं दूसरी तरफ, इन्फोसिस और रिलायंस इंडस्ट्रीज पर दबाव देखने को मिला है।

निफ्टी-50 सूचकांक शुक्रवार को पिछले सर्वाधिक ऊंचे स्तर 18,813 को पार कर गया। यह सूचकांक शुक्रवार को 18,826 पर बंद हुआ। सूचकांक ने 134 कारोबारी सत्रों में पिछले ऊंचे स्तरों को छुआ है। इस अवधि के दौरान निफ्टी 10 प्रतिशत से ज्यादा गिरकर 23 मार्च को 16,945 पर आ गया था।

जहां यह सूचकांक 1 दिसंबर से काफी मजबूत हुआ है, वहीं इसके कई शेयरों की चाल अलग अलग रही है। मौजूदा समय में, निफ्टी के 15 शेयर अभी भी पिछले ऊंचे स्तरों के मुकाबले नीचे बने हुए हैं। 1 दिसंबर के बाद से सर्वाधिक कमजोरी दर्ज करने वाले शेयरों में अदाणी एंटरप्राइजेज (-36 प्रतिशत), इन्फोसिस (-22 प्रतिशत) और अदाणी पोर्ट्स ऐंड सेज (-16 प्रतिशत) मुख्य रूप से शामिल हैं। इन्फोसिस ने 1 दिसंबर से सूचकांक में अपने भारांक में कमजोरी दर्ज की है। भारी गिरावट के बावजूद अदाणी समूह का 87 अंक का योगदान रहा है।

इस बीच, आईटीसी ने निफ्टी में 253 अंक तक के भारांक के साथ मजबूती प्रदान की है। सूचकांक में ज्यादा भारांक रखने वाली अन्य बड़ी कंपनियों में लार्सन ऐंड टुब्रो (80 आधार अंक), टाटा मोटर्स (52 अंक) और ऐक्सिस बैंक (50 अंक) शामिल हैं।

निफ्टी का मूल्यांकन मौजूदा समय में दिसंबर 2022 के स्तरों के मुकाबले नीचे है। आय में सुधार की वजह से इस सूचकांक का मूल्यांकन भी मजबूत हुआ है। निफ्टी मौजूदा समय में अपनी अनुमानित 12 महीने आगामी आय के 19.9 गुना पर कारोबार कर रहा है, जो दिसंबर के 21 गुना की तुलना में कम है।

मोतीलाल ओसवाल ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा है, 'निफ्टी-50 मूल्यांकन एक वर्षीय आगामी और पिछली आय, दोनों पर आधारित है, लेकिन यह अभी भी अक्टूबर 2021 और दिसंबर 2022 में दर्ज किए गए ऊंचे स्तरों से नीचे है।'

दिसंबर से अब तक, शीर्ष कंपनियों की रैंकिंग भी बदली है। आईटीसी का शेयर दिसंबर के 11वें पायदान से चढ़कर मौजूदा समय में छठे स्थान पर पहुंच गया है, जबकि आईसीआईसीआई बैंक 6 से सुधरकर चौथे पायदान पर आया है। इस बीच, इन्फोसिस और एचडीएफसी की रैंकिंग घटकर सातवें और नौवें पायदान पर रह गई है।

इसके अलावा, प्रमुख सूचकांकों में इस साल अच्छी तेजी दर्ज की है। इस साल के निचले स्तर से निफ्टी 10 प्रतिशत चढ़ा है, लेकिन मिडकैप और स्मॉलकैप सूचकांकों में करीब 20-20 प्रतिशत तेजी दर्ज की गई है।

# आर्टिफिशल इंटेलिजेंस पर बन रहे बुलबुले जैसे हालात!

पुनीत वाधवा
नई दिल्ली, 16 जून

**जेफरीज में** इक्विटी रणनीति के वैश्विक प्रमुख क्रिस्टोफर वुड का मानना है कि आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (एआई) बुलबुले जैसी स्थिति के धरातल पर है। उनका कहना है कि इस सेगमेंट में 6 बड़े टेक शेयर अगले दशक में उतना दबदबा बनाए नहीं रख सकते हैं, जितना कि पिछले 10 साल में उनमें लोकप्रियता देखी गई। इस सेगमेंट के 6 बड़े शेयरों को फांगएम (अल्फाबेट, एमेजॉन, ऐपल, मेटा, माइक्रोसॉफ्ट, और नेटफ्लिक्स) के नाम से जाना जाता है।

**एएमडी और ओरेकल के शेयरों में मई के शुरू से अब तक 42 प्रतिशत और 29 प्रतिशत की तेजी आई है**

वुड ने निवेशकों को भेजे अपने साप्ताहिक न्यूजलेटर ग्रीड ऐंड फियर में लिखा है, 'इसमें कोई संदेह नहीं है कि उन इक्विटी निवेशकों के लिए समस्या और ज्यादा बढ़ रही है जो अभी भी इस क्षेत्र पर रक्षात्मक बने हुए हैं और उनमें भरोसा बढ़ा है कि एआई आगामी दशक के लिए वृद्धि को मजबूती प्रदान करने में मददगार होगी। इसलिए यह माना जा सकता है कि एआई अगले बुलबुले के किनारे पर है।'

उनका मानना है कि एआई के लिए 'पिक-ऐंड-शॉवल्स' थीम अब बेहद आकर्षक बन गया है, यही वजह है कि एन्वीडिया 41 गुना बिक्री के मौजूदा मूल्यांकन के बावजूद उनकी मुख्य होल्डिंग बना हुआ है।

वुड ने लिखा है, 'एएमडी और ओरेकल में तेजी देखना आश्चर्यजनक नहीं है, क्योंकि निवेशक एआई थीम पर दांव लगाना पसंद कर रहे हैं।'

एसऐंडपी 500 बाजार पूंजीकरण के प्रतिशत के तौर पर फांगएम लगभग सितंबर 2020 के सर्वाधिक ऊंचे स्तरों के आसपास है। एसऐंडपी 500 बाजार पूंजीकरण में 6 शेयरों की भागीदारी 5 जनवरी के 18.3 प्रतिशत के ताजा निचले स्तर से बढ़कर 1 जून को 24.6 प्रतिशत की ऊंचाई पर पहुंच गई। वहीं 1 सितंबर 2020 को यह 26.2 प्रतिशत के ऊंचे स्तर पर थी।

शेयर बाजार में, एएमडी और ओरेकल के शेयरों में मई के शुरू से अब तक 42 प्रतिशत और 29 प्रतिशत की तेजी आई है तथा ये सितंबर/अक्टूबर 2022 के अपने निचले स्तरों से 133 प्रतिशत और 101 फीसदी चढ़ चुके हैं। वहीं, एन्वीडिया में अक्टूबर 2022 का निचला स्तर छुए जाने के बाद से 298 प्रतिशत तक की तेजी आई है।

बोफा सिक्योरिटीज के ताजा सर्वेक्षण से पता चलता है कि 40 प्रतिशत कारोबारियों को अगले दो साल में एआई की लोकप्रियता तेजी से बढ़ने और इसकी मदद से कॉरपोरेट लाभ बढ़ाने में मदद मिलने की संभावना है।

पीडब्ल्यूसी की एक रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया है कि एआई तकनीक वर्ष 2030 तक वैश्विक रूप से 15.7 लाख करोड़ डॉलर का राजस्व हासिल कर सकती है, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्थाओं की जीडीपी को 26 प्रतिशत तक की मदद मिलेगी।

**प्रीमियम श्रेणी को लेकर रणनीति पर जोर**

# पतंजलि ने उतारे 14 उत्पाद

शार्लीन डिसूजा
मुंबई, 16 जून



### पतंजलि की घोषणा

- कंपनी ने वित्त वर्ष 23 में अब तक का सबसे ज्यादा 31,821 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित किया
- समूह का इरादा अगले पांच साल में एक लाख करोड़ रुपये का टर्नओवर हासिल करने का है

**पतंजलि** फूड्स ने शुक्रवार को पौष्टिक-औषधीय, स्वास्थ्यवर्धक बिस्कुट, न्यूट्रिला मिलेट आधारित अनाज व ड्राई फ्रूट सेगमेंट में 14 उत्पाद उतारे। कंपनी ने अपनी प्रीमियम श्रेणी से जुड़ी रणनीति को आगे बढ़ाना शुरू कर दिया है।

आज आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में बाबा रामदेव ने यह भी कहा कि अगले कुछ साल में समूह की दो से तीन कंपनियां आरंभिक सार्वजनिक निर्गम पेश करेंगी, जिसमें पतंजलि आयुर्वेद व पतंजलि वेलनेस शामिल है।

पिछले साल सितंबर में कंपनी ने कहा था कि वह पतंजलि आयुर्वेद, पतंजलि वेलनेस, पतंजलि लाइफस्टाइल और पतंजलि मेडिसिन को अगले पांच साल में सूचीबद्ध कराएगी और समूह का बाजार पूंजीकरण अगले पांच साल में 5 लाख करोड़ रुपये पर पहुंचाने का लक्ष्य है।

बाबा रामदेव ने यह भी कहा कि वह अगले पांच साल में समूह का टर्नओवर एक लाख करोड़ रुपये पर पहुंचाने का लक्ष्य लेकर चल रहे हैं।

पतंजलि फूड्स के सीईओ संजीव अस्थाना ने कहा, हमारा लक्ष्य है कि कंपनी का 80 फीसदी लाभ एफएमसीजी कारोबार से हासिल हो और बाकी खाद्य तेल कारोबार से।

बाबा रामदेव की अगुआई वाली कंपनी भारतीय स्पोर्ट्स न्यूट्रिशन इंडस्ट्री की वृद्धि पर दांव लगा रही है और उसे उम्मीद है कि यह वित्त वर्ष 28 तक सालाना 18 फीसदी की चक्रवृद्धि की रफ्तार से 8,000 करोड़ रुपये पर पहुंच जाएगी। कंपनी ने छह उत्पादों के साथ न्यूट्रा स्पोर्ट्स पश किया है, जिसमें विटामिन के कैप्सूल व सप्लिमेंट आदि शामिल हैं। कंपनी ने एक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी।

कंपनी ने न्यूट्रिला मैक्समिलेट्स पेशकिया है और कंपनी की योजना मिलेट्स आधारित और उत्पाद उतारने की है।

प्रीमियम श्रेणी को लेकर अपने एजेंडे को आगे बढ़ाते हुए उसने रागी बिस्कुट व डायजेस्टिव बिस्कुट भी उतारा है।

पतंजलि फूड्स ने एक विज्ञप्ति में कहा, भारत मे स्वास्थ्यवर्धक बिस्कुट की श्रेणी की हिस्सेदारी 45,000 करोड़ रुपये के कुल बिस्कुट बाजार में महज 5 फीसदी है। कंपनी की योजना इस श्रेणी में साल के अंत तक अपनी हिस्सेदारी 10 फीसदी पर पहुंचाने की है।

अभी पतंजलि फूड्स के बिस्कुट कारोबार का कवरेज करीब 10 लाख खुदरा दुकानों तक है। शुरुआती योजना नए उत्पादों को 1 लाख सुपरमार्केट्स, मॉडर्न फॉर्मेट स्टोर व ए-क्लास आउटलेट्स तक पहुंचने की है।

कंपनी ने कहा, ऐसे स्वास्थ्यवर्धक बिस्कुट की पूरी पेशकश से बिस्कुट कारोबार का मार्जिन प्रोफाइल सुधरने की उम्मीद है।

कंपनी अपने ब्रांडेड ड्राई फ्रूट कारोबार को अगले पांच साल में 1,000 करोड़ रुपये पर पहुंचाना चाहती है।

# एचडीएफसी बैंक-एचडीएफ बैंक विलय: फंडों को बेचने होंगे 5,000 करोड़ रु. के शेयर

अभिषेक कुमार
मुंबई, 16 जून

**एचडीएफसी** बैंक और एचडीएफसी के बीच होने वाले प्रस्तावित विलय की वजह से करीब 60 सक्रिय तौर पर प्रबंधित इक्विटी म्युचुअल फंड (एमएफ) योजनाओं द्वारा किसी एक शेयर में 10 प्रतिशत की अधिकतम निवेश सीमा पार किए जाने का अनुमान है।

फंड प्रबंधकों को विलय के बाद गठित इकाई में 5,000 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर घटाने की जरूरत होगी, क्योंकि सक्रिय तौर पर प्रबंधित योजनाएं अपनी कुल राशि का अधिकतम 10 प्रतिशत हिस्सा एक शेयर में रख सकती हैं। एचडीएफसी-द्वय के संदर्भ में बात की जाए तो पता चलता है कि कई फंड हाउसों का इन शेयरों में बड़ा निवेश है।

खबरों के अनुसार, बाजार नियामक सेबी फंड हाउसों को 10 प्रतिशत सीमा बढ़ाए जाने को लेकर विशेष रियायत देने के पक्ष में नहीं है।

नुवामा अल्टरनेटिव ऐंड क्वांटीटेटिव रिसर्च द्वारा कराए गए विश्लेषण से पता चलता है कि लार्ज-कैप श्रेणी की योजनाओं के संदर्भ में अधिकतम निवेश 18 प्रतिशत पर देखा जा सकेगा।

हालांकि विश्लेषकों को शेयर कीमतों पर बहुत ज्यादा प्रभाव पड़ने का अनुमान नहीं है, क्योंकि एचडीएफसी-द्वय बेहद तरलता आधारित नाम हैं और उन्हें बिकवाली दबाव का सामना करने में सफलता मिलेगी। इसके विपरीत, इस विलय से 20,000 करोड़ रुपये से ज्यादा का पूंजी प्रवाह हासिल होने का अनुमान है, क्योंकि संयुक्त इकाई को एमएससीआई इंडिया इंडेक्स में शामिल किया जाएगा। मौजूदा समय में, एचडीएफसी बैंक किसी एमएससीआई सूचकांक का हिस्सा नहीं है।

फंड प्रबंधकों को भी अत्यधिक शेयर बिकवाली की वजह से अपनी योजनाओं के प्रदर्शन पर विपरीत प्रभाव पड़ने का अनुमान नहीं है, क्योंकि उनके पास व्यवस्थित तरीके से बिकवाली करने का विकल्प होगा।

# एशिया में सोने की मांग ने पकड़ा जोर, भारत में मिल रही छूट

रॉयटर्स

**एशिया** के ज्यादातर केंद्रों में इस हफ्ते खरीदारों ने हाजिर सोने की ज्यादा खरीदारी की क्योंकि देसी कीमतें नरम हुईं। लेकिन भारत में डीलर लगातार छूट की पेशकश कर रहे हैं, वहीं ज्वैलर आगामी महीनों में मांग को आशंका को देखते हुए अपनी इन्वेंट्री घटा दी है।

भारतीय सोने की कीमतें इस हफ्ते घटकर 58,661 रुपये प्रति ग्राम रही, जो 11 हफ्ते का निचला स्तर है।

कोलकाता में सोने के थोक विक्रेता जेजे गोल्ड हाउस के प्रोप्राइटर हर्षद अजमेरा ने कहा, निचली कीमत पर मांग में सुधार हो रहा है, लेकिन अभी भी यह सामान्य स्थिति से काफी नीचे है।

डीलरों ने आधिकारिक घरेलू कीमतों पर 2 डॉलर प्रति आउंस की छूट की पेशकश की है, जिसमें 15 फीसदी आयात व 3 फीसदी बिक्री कर शामिल है। हालांकि यह छूट पिछले हफ्ते के 5 डॉलर के मुकाबले कम है।

आगामी महीनों में मांग को लेकर अनिश्चितता के चलते ज्वैलर काफी कम इन्वेंट्री पर परिचालन कर रहे हैं। यह जानकारी बुलियन इम्पोर्टिंग बैंक के एक डीलर ने दी।

कॉमर्जबैंक के विश्लेषकों ने एक नोट में कहा है, भारत इस साल कम सोने का आयात कर सकता है क्योंकि यहां ज्वैलरों के पास रिकॉर्ड स्तर पर पुराना सोना उपलब्ध हो सकता है।

अग्रणी उपभोक्ता चीन में सोने की बिक्री वैश्विक हाजिर कीमतों के मुकाबले 1 डॉलर की छूट से लेकर 6.50 डॉलर प्रीमियम पर हो रही है जबकि पिछले हफ्ते 3 डॉलर की छूट से लेकर 3 डॉलर का प्रीमियम उपलब्ध था।

# वासुदेवन फिर से बन सकेंगे इक्विटास एसएफबी के एमडी, सीईओ

बीएस संवाददाता
मुंबई, 16 जून

**भारतीय** रिजर्व बैंक ने पी एन वासुदेवन को फिर से तीन साल के लिए प्रबंध निदेशक (एमडी) एवं मुख्य कार्याधिकारी (सीईओ) बनाए जाने के लिए इक्विटास स्मॉल फाइनैंस बैंक (एसएफबी) को मंजूरी दे दी है। ऋणदाता ने बीएसई को बताया है कि उनकी पुनः नियुक्ति 23 जुलाई, 2023 से प्रभावी होगी। वासुदेवन ने मई 2022 में, स्वास्थ्य एवं शिक्षा क्षेत्र में करियर के लिए इस पद से इस्तीफा देने की इच्छा जताई थी। हालांकि बाद में दिसंबर 2022 में उन्होंने बैंक के एमडी एवं सीईओ के तौर पर बने रहने का निर्णय लिया।

इक्विटास एसएफबी ने मार्च 2023 के अंत तक अपनी अग्रिमें सालाना आधार पर 35 प्रतिशत तक बढ़ाकर 27,861 करोड़ रुपये पर पहुंचाने में सफलता हासिल की। बैंक का ऋण पोर्टफोलियो 34 प्रतिशत तक बढ़कर 5,225 करोड़ रुपये पर रहा। एसएफबी की कुल जमाएं एक साल पहले के आधार पर 34 प्रतिशत बढ़कर 25,381 करोड़ रुपये पर रहीं।

# एचएमए एग्रो का सार्वजनिक निर्गम 19 जून को खुलेगा

भैंस के मांस का निर्यात करने वाली कंपनी एचएमए एग्रो इंडस्ट्रीज ने 480 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम के लिए 555-585 रुपये प्रति शेयर का कीमत दायरा तय किया है। यह आईपीओ 19 जून को खुलकर 23 जून को बंद होगा। इस आईपीओ में कंपनी 150 करोड़ रुपये के नए शेयर जारी करेगी, जिसका इस्तेमाल कार्यशील पूंजी की जरूरतों में किया जाएगा। आईपीओ में प्रवर्तक 330 करोड़ रुपये के शेयर बेचेंगे। आगरा की एचएमए एग्रो, थ्री स्टार एक्सपोर्ट हाउस है, जिसकी मान्यता भारत सरकार से मिली है। *बीएस*

### ऐक्सिस ने आरबीआई के पूर्व डिप्टी गवर्नर को बनाया गैर-कार्यकारी चेयरमैन

निजी क्षेत्र के ऐक्सिस बैंक ने भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व डिप्टी गवर्नर एनएस विश्वनाथन को तीन साल के लिए बैंक का गैर-कार्यकारी चेयरमैन नियुक्त किया है, जो 27 अक्टूबर से प्रभावी होगा। ऐक्सिस बैंक ने एक बयान में कहा, उनकी नियुक्ति 27 अक्टूबर, 2023 या आरबीआई की तरफ से उनकी नियुक्ति की मंजूरी की तारीख से प्रभावी होगी, अगर यह मंजूरी 27 अक्टूबर से पहले नहीं मिलती है। *बीएस*

# अस्थिरता से आईपीओ टाल सकती हैं फर्में

सुंदर सेतुरामन
मुंबई, 16 जून




### आईपीओ की पेशकश

- इस साल अब तक 23 कंपनियों ने अपने आईपीओ टालने का निर्णय लिया है
- निर्धारित तारीख से एक साल के अंदर कंपनी को आईपीओ लाने की जरूरत होती है
- आईपीओ लाने के लिए प्राप्त करीब एक दर्जन ऐसी मंजूरियां अप्रैल से अवैध हो गई हैं
- कैलेंडर वर्ष 2023 में अब तक, 6 कंपनियों ने आईपीओ के जरिये 6,430 करोड़ रुपये जुटाए हैं

**ताजा** निर्गमों को शानदार सफलता के साथ आईपीओ बाजार को बाद में कुछ रफ्तार मिली है। हालांकि सिर्फ कुछ निर्गम ही सफलता हासिल करने में कामयाब रहे। कैलेंडर वर्ष 2023 में अब तक 23 कंपनियों को बाजार नियामक सेबी द्वारा दी गई अपनी मंजूरियां समाप्त करने की अनुमति दी गई।

आईपीओ से पहले डीआरएचपी एक आरंभिक दस्तावेज होता है और इसमें सभी जरूरी विवरण, जैसे पेश किए जाने वाले शेयरों की संख्या, वित्तीय परिणाम, और जोखिम संबंधित कारक की जानकारी शामिल होती है। आईपीओ की मंजूरी के बाद, सेबी अपना निर्णायक राय पेश करता है। अंतिम मंजूरी की तारीख से एक साल के अंदर कंपनी को आईपीओ लाने की जरूरत होती है।

करीब एक दर्जन ऐसी मंजूरियां अप्रैल से अवैध हो गई हैं। आधा दर्जन मंजूरियां अगले 6 सप्ताहों में समाप्त हो जाएंगी। इनमें से जिन आईपीओ की मंजूरियां समाप्त हो रही हैं, वे संयुक्त रूप से करीब 48,180 करोड़ रुपये जुटा सकती थीं।

निवेश बैंकरों का कहना है कि कुछ कंपनियां अपने डीआरएचपी फिर से सौंप सकती हैं, जिससे कि उन्हें सूचीबद्धता का एक और मौका मिल सके। कुछ कंपनियां कोष उगाही के वैकल्पिक तरीकों पर विचार कर रही हैं। आधार हाउसिंग फाइनैंस, एपीआई, होल्डिंग्स, मैकलॉयड्स फार्मास्युटिकल्स, भारत एफआईएच, और फैब इंडिया उन कंपनियों में शामिल हैं जिनकी एक वर्षीय मंजूरी अवधि समाप्त हो गई है। जुलाई से पहले जिन कंपनियों की आईपीओ संबंधित मंजूरियां समाप्त हो रही हैं, उनमें इंडिया एक्सपोजीशन मार्ट, कॉरटेक इंटरनैशनल, सेन्को गोल्ड, और पीकेएच वेंचर्स शामिल हैं।

कैलेंडर वर्ष 2023 में अब तक, 6 कंपनियों ने आईपीओ के जरिये 6,430 करोड़ रुपये जुटाए हैं। आइकियो लाइटिंग के आईपीओ को 67 गुना आवेदन मिले, और मैनकाइंड फार्मा के 4,326 करोड़ रुपये के निर्गम को 15 गुना अभिदान मिला। सेकंडरी बाजार में तेजी की वजह से इन आईपीओ को अच्छी प्रतिक्रिया मिली।

सेंसेक्स अपने सर्वाधिक ऊंचे स्तरों से सिर्फ 0.2 प्रतिशत और निफ्टी 0.5 प्रतिशत दूर है।

हालांकि इन सूचकांकों में यह तेजी भारतीय बाजारों में काफी उतार-चढ़ाव के बाद दर्ज की गई है।

विभिन्न कारकों - दर वृद्धि की आशंका, अदाणी समूह पर हिंडनबर्ग की रिपोर्ट में लगाए गए आरोप और अमेरिका में बैंकिंग संकट से उतार-चढ़ाव को बढ़ावा मिला। इसकी वजह से, आईपीओ लाने की तैयारी कर रहीं कंपनियों ने अपनी सूचीबद्धता योजनाओं पर सतर्कता बरतना उचित समझा।

इसके अलावा, ऊंचे मूल्यांकन की उम्मीद के साथ पिछले साल डीआरएचपी पेश किए गए थे।

बैंकरों का कहना है कि कुछ कंपनियां जरूरी पूंजी संबंधित अनिवार्यता की वजह से मूल्यांकन घटा सकती हैं।

उनका कहना है कि भविष्य में और ज्यादा संख्या में कंपनियां आईपीओ लाने के लिए मिलीं अपनी मंजूरियों को नजरअंदाज कर सूचीबद्धता योजनाएं टाल सकती हैं।

# इक्विटी फंड पर दबाव के बीच स्मॉलकैप, आर्बिट्राज में चमक

अभिषेक कुमार
मुंबई, 16 जून

### स्मॉलकैप में दम

- विश्लेषकों का कहना है कि स्मॉलकैप फंडों को बेहतर मूल्यांकन और पिछले शानदार रिकॉर्ड का फायदा
- पिछले 6 महीनों में स्मॉलकैप फंडों ने 14,640 करोड़ रुपये का पूंजी प्रवाह आकर्षित किया

**बाजार** में जोखिम के बीच दो इक्विटी फंड श्रेणियों स्मॉलकैप और आर्बिट्राज ने हाल के वर्षों में सर्वाधिक शुद्ध पूंजी प्रवाह प्राप्त करने के मामले में मई में रिकॉर्ड बनाया। मई में स्मॉलकैप योजनाओं में 3,280 करोड़ रुपये का शुद्ध प्रवाह दर्ज किया गया, जो एमएफ उद्योग द्वारा अप्रैल 2019 से फंड-वार पूंजी प्रवाह संबंधित आंकड़े जारी किए जाने के बाद से इस श्रेणी में सर्वाधिक था। आर्बिट्राज योजनाओं ने 6,640 करोड़ रुपये का शुद्ध प्रवाह आकर्षित किया, जो जुलाई 2021 के बाद से सर्वाधिक है।

विश्लेषकों का मानना है कि खासकर इस धारणा की वजह से स्मॉलकैप योजनाओं में पूंजी प्रवाह पिछले 6 महीनों के दौरान तेजी से बढ़ा है कि स्मॉलकैप सेगमेंट में मूल्यांकन बेहतर है। भारत में म्युचुअल फंडों के संगठन (एम्फी) के मुख्य कार्याधिकारी एन एस वेंकटेश ने शुक्रवार को एमएफ पूंजी प्रवाह का आंकड़ा जारी करते हुए कहा, 'निवेशक गिरावट के दौरान कीमतों में बड़ी कमजोरी के बाद स्मॉलकैप खंड में संभावनाएं देख रहे हैं। वे म्युचुअल फंडों के जरिये तेजी का लाभ उठाना चाहते हैं।'

निप्पॉन इंडिया म्युचुअल फंड में मुख्य व्यावसायिक अधिकारी सौगत चटर्जी ने कहा, स्मॉलकैप फंडों से जुड़े निवेशक दीर्घावधि नजरिया रखते हैं और इनमें ज्यादातर निवेश प्रवाह एसआईपी के जरिये आता है। इन योजनाओं ने हाल के समय में अच्छा प्रदर्शन किया है और इसलिए इनका आकर्षण बना हुआ है। इनमें निवेशकों की संख्या भी बढ़ी है।

कैलेंडर वर्ष 2023 के पहले तीन महीनों के दौरान निफ्टी स्मॉलकैप 100 सूचकांक में बड़ी गिरावट आई थी और यह सूचकांक मार्च 2023 के अंत में सर्वाधिक ऊंचे स्तर से 28 प्रतिशत नीचे कारोबार कर रहा था।

KANPUR PLASTIPACK LTD

सी.आई.एन. : L25209UP1971PLC003444
पंजीकृत कार्यालय- डी-19-20, पनकी इण्डस्ट्रियल एरिया, कानपुर-208022
फोन न0- 0512-2691113-6 फैक्स न0 - 0512-2691117
ईमेल : info@kanplas.com वेबसाईट : www.kanplas.com

**शेयरधारकों के लिए सूचना**
**जिन इक्विटी शेयरों पर लाभांश का दावा नहीं किया गया है उन शेयरों का इन्वेस्टर एजूकेशन एवं प्रोटेक्शन फण्ड में हस्तांतरण**

कम्पनीज एक्ट, 2013 की धारा 124(6) तथा 125 के सपठित इन्वेस्टर एजूकेशन एवं प्रोटेक्शन फण्ड (लेखा, अंकेक्षण हस्तांतरण तथा वापसी) अधिनियम 2016 ''आई ई पी एफ अधिनियम'' के प्रावधानों के अनुरूप एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि जिन इक्विटी शेयरों का लाभांश लगातार 7 वर्षों से दावे नहीं किये गये हैं उन इक्विटी शेयरों को इस सूचना में बताई गई तिथि की समाप्ति पर आई ई पी एफ सस्पेन्स खाते में स्थानान्तरण किया जाना है।
तदनुसार कम्पनी ने उन सभी शेयरधारको को उनके पंजीकृत पते पर व्यक्तिगत रूप से सूचना भेज दी है, जिनका शेयर इन अधिनियमों के अन्तर्गत आई ई पी एफ सस्पेन्स खाते में स्थनान्तरण किये जाने योग्य हैं, ऐसे शेयरधारकों के विवरण कम्पनी ने अपनी वेबसाइट https://kanplas.com/en/shareholders.communication पर अपलोड भी कर दिया है। शेयरधारक, जिन्होंने अपने लाभांश के लिए विगत 7 वर्षों से दावा नहीं किया है वे आवश्यक विवरण (फोलियो नं. / डी पी – आई डी (यदि कोई हो), वर्तमान पता, बैंक डीटेल्स तथा सम्पर्क नम्बर) देकर 05 अक्टूबर, 2023 के पूर्व उपरोक्त शेयरों के लिए कम्पनी के पास अपना बकाया लाभांश का शीघ्रातिशीघ्र दावा कर सकते हैं। 05 अक्टूबर, 2023 के पश्चात कम्पनी आपके मूल शेयर प्रमाण पत्र (प्रमाण पत्रों) के बदले में ड्यूप्लीकेट शेयर प्रमाण पत्र जारी करेगी और आई ई पी एफ सस्पेंस खातें में स्थानान्तरित कर देगी। इस मामले में मूल शेयर्स प्रमाण पत्र (प्रमाण पत्रों) जो सदस्यों के नाम पंजीकृत हैं स्वतः निरस्त हो जायेगें तथा गैर पारणीय माने जायेगें। यदि आपके शेयर्स डीमैट मोड में हैं तो शेयरों को अधिनियम में वर्णित रीति के अनुसार आई ई पी एफ सस्पेन्स खाते के डीमैट खाते में स्थानान्तरण कर दिया जायेगा।
एतद्द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि आई ई पी एफ सस्पेन्स खाते में शेयरों के स्थानान्तरण के पश्चात कम्पनी के सापेक्ष कोई दावा स्वीकार नहीं होगा यद्यपि आपके पास आई ई पी एफ अधिनियम में वर्णित रीति के अनुसार आई ई पी एफ सस्पेन्स खाते से शेयरों का दावा करने का अधिकार होगा।
किसी स्पष्टीकरण अपेक्षित होने की स्थिति में अधिक जानकारी के लिए आप कृपया अधोहस्ताक्षरी से सम्पर्क करें।

कृते कानपुर प्लास्टिपैक लिमिटेड
हस्ता0/-
(अंकुर श्रीवास्तव)
कम्पनी सचिव

स्थान- कानपुर
दिनांक: 16.06.2023